भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 3908**

बुधवार, 18 दिसंबर, 2024 को उत्तर देने के लिए

## सेवा उद्योग के रूप में ग्राउंड स्टेशन का विनियमन

**3908. डा. डी. रवि कुमार :**

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विशेषकर बड़े एंटिना और 'दीप स्पेस नेटवर्क' के लिए जांच सुविधाओं पर पहुंच में सहायता प्रदान करने हेतु नए 'ग्राउंड' सेवा स्टेशन को सेवा उद्योग (जीएसएएएस) के रूप में माने जाने के लिए उठाए जाने वाले कदमों की सूची का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या 'अर्थ ऑब्जर्वेशन (ईओ) सेटेलाइट डाटा रिसेप्शन स्टेशन' के लिए रॉयल्टी शुल्क/मेगाहटर्ज को कम करने के लिए किसी विचार-विमर्श का प्रस्ताव है;

(ग) इसरो से 'ट्राई-बैंड फीड' प्राप्त करने के लिए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टी.ओ.टी) को सुकर बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार का विचार जीएसएएएस अनुमोदनों/लाइसेंसों के लिए एकल-खिड़की तंत्र विकसित करने का है?

**उत्तर**

**कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय**
**तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री**
**(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :**

***

(क) अंतरिक्ष विभाग (डीओएस) ने विभिन्न मिशनों के लिए भू-स्टेशन खण्ड प्रदान करने हेतु डीप स्पेस नेटवर्क और विभिन्न बड़े ऐंटेना सफलतापूर्वक स्थापित किए हैं। इनमें विभिन्न आवृत्ति बैंडों में प्रचालित और विभिन्न स्थानों पर स्थापित प्रणालियां शामिल हैं। ये इसरो के दोनों उपग्रहों (गहन अंतरिक्ष/अंतरग्रहीय मिशन सहित), बाहरी अंतरिक्ष एजेंसी मिशन और प्रमोचन यान प्रचालन तथा गैर-सरकारी संस्थाओं (एनजीई) के संचालन में भी सहायता प्रदान करते हैं। एनजीई को प्रदान किए गए पहुंच में नीतभार परीक्षण, दूरमिति, और टेली-कमांड सहायता, कक्षीय अधिप्रमाणन के लिए समर्थन शामिल है।

इसके अलावा, एनसिल "ग्राउंड स्टेशन सेवा" संबंधी गतिविधि के तहत बड़े ऐंटेना और डीप स्पेस नेटवर्क को शामिल करके इसरो की अनुवर्तन सुविधाओं के माध्यम से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों को सहायता प्रदान कर रहा है। इसके अंतर्गत, लगभग 17 उपग्रह/प्रमोचन यान मिशनों को वाणिज्यिक आधार पर सहायता प्रदान की गई है।

(ख) 5 मीटर के स्थानिक विभेदन वाला सुदूर संवेदन डाटा सभी के लिए 'निःशुल्क और खुले' आधार पर उपलब्ध है। इसके अलावा, 5 मीटर से कम का सुदूर संवेदन डाटा सरकारी संस्थाओं को किसी भी शुल्क के बिना और एनजीई को उचित एवं पारदर्शी मूल्य पर उपलब्ध कराया जाता है।

एनसिल द्वारा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ग्राहकों को प्रति पास के आधार पर भू-प्रेक्षण (ईओ) उपग्रह डाटा अभिग्रहण सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

(ग) स्वदेशी रूप से एक त्रि-बैंड डाटा अभिग्रहण प्रणाली विकसित करने की आवश्यकता उत्पन्न हुई है, जो भविष्य के भू-प्रेक्षण अंतरिक्ष प्रणालियों के लिए लागत प्रभावी, सुसंहत और प्रभावी प्रणाली की सुविधा प्रदान करेगी। अंतरिक्ष विभाग ने स्वदेशी रूप से एक एस, एस और केए-बैंड में काम करने वाली एक त्रि-बैंड प्रणाली का सफलतापूर्वक विकास किया है, जो सुदूर संवेदन उपग्रहों से द्वि ध्रुवीकरण (आरएचसी एवं एलएचसी) डाटा का अनुवर्तन करने और उसे प्राप्त करने में सक्षम है।

इसके अलावा, इस त्रि-बैंड (एस/सी/केए) ऐंटेना और भरण तंत्र के लिए स्थानीय/भारतीय उद्योगों तथा वैश्विक बाजार में भारी मांग को देखते हुए प्रौद्योगिकी हस्तांतरण (टीओटी) की प्रक्रिया शुरू की गई है और यह अनुमोदन के अधीन है।

(घ) अंतरिक्ष क्षेत्र में आम आवेदकों के लिए संबंधित विभागों द्वारा प्राधिकरण/अनुमोदन/लाइसेंस हेतु संभावित अंतर-विभागीय एकल खिड़की तंत्र पर संकल्पनात्मक चर्चा इन-स्पेस द्वारा प्रारंभ की गई है।

***